# Daily Current Affairs (07 May 2026) in Hindi PDF Notes

1. मत्स्य विभाग की अगुवाई में झारखंड के हजारीबाग में बनेगा भारत का पहला मोती पालन क्लस्टर।
2. भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल और असम में सरकार बनाने के लिए बहुमत किया हासिल।
**4 May** को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा के चुनाव के परिणाम घोषित किए गए।

**1. पश्चिम बंगाल**

- विधानसभा सीटों की संख्या = **294**
- **BJP ने 207 सीट** प्राप्त किया और आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने जा रहा है।
- **TMC (तृणमूल कांग्रेस)**, जो ममता बनर्जी की पार्टी है, **80 सीटों** के साथ दूसरे स्थान पर है। ममता बनर्जी लगातार 15 वर्षों से मुख्य मंत्री थी।
- **ममता बनर्जी** को **भवानीपुर सीट** से **BJP नेता शुभेंदु अधिकारी** ने हरा दिया।

**2. असम**

- विधानसभा सीटों की संख्या = **126**
- **BJP ने 82 सीट** प्राप्त किया और **हिमंत बिस्वा दोबारा मुख्यमंत्री** के रूप में शपथ लेंगे।
- असम कांग्रेस अध्यक्ष **गौरव गोगोई** को **जोरहाट सीट** से BJP के उम्मीदवार **हितेंद्र नाथ गोस्वामी** ने हरा दिया।

**3. तमिलनाडु**

- विधानसभा सीटों की संख्या = **234**
- थलपति विजय की पार्टी **TVK** (तमिलगा वेट्री कजगम) ने 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई है।
- थलपति विजय दो सीटों **पेरंबूर** और **तिरुचिरापल्ली पूरव** से चुनाव लड़े थे और दोनों सीट जित गए।
- तमिलनाडु के मुख्य मंत्री **MK स्टालिन** को **कोलाथुर सीट** से TVK के उम्मीदवार **वी. एस. बाबू** ने हराया।

**4. केरल**

- विधानसभा सीटों की संख्या = **140**
- कांग्रेस के नेतृत्व वाली **संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (UDF)** ने 100 से अधिक सीटें जीतकर भारी बहुमत हासिल की है।

**5. पुडुचेरी**

- विधानसभा सीटों की संख्या = **30**
- नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (NDA) ने 18 सीटें जीतकर बहुमत हासिल की है।
- AINRC पार्टी (जो NDA का हिस्सा है) के **एन रंगासामी** 5वीं बार मुख्यमंत्री का शपथ लेंगे।

3. केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रयागराज में "नॉर्थ टेक सिम्पोजियम" का किया उद्घाटन।
4. AIIMS दिल्ली ने भारत का पहला पोर्टेबल बेडसाइड MRI सिस्टम किया लॉन्च।
5. USA ने ईरान के खिलाफ होर्मुज स्ट्रेट में लॉन्च किया "ऑपरेशन फ्रीडम"।

- होर्मुज जलसंधि **ईरान को ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) से अलग करता** है तथा **फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ती** है।
- इस ऑपरेशन के तहत USA ने **ट्रक्सटन और मैसन** नामक दो युद्धपोत होर्मुज जलसंधि में प्रवेश करा दिए हैं।
- यह ऑपरेशन होर्मुज जलसंधि में फसे हुए जहाजों को निकालने के लिए किया जा रहा है।

6. केरल के पवित्र उपवनों का जीर्णोद्धार करने के लिए कावू पुनर्स्थापन और संरक्षण पायलट कार्यक्रम किया गया लॉन्च।
7. वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार हिमाचल प्रदेश है सर्वाधिक राजस्व घाटे वाला राज्य।

- **सर्वाधिक राजस्व अधिशेष** वाला राज्य **ओडिसा** है।
- राजस्व घाटा = जब सरकार का वास्तविक राजस्व व्यय उसकी वास्तविक राजस्व प्राप्ति से अधिक हो।
- राजस्व अधिशेष = जब सरकार का वास्तविक राजस्व प्राप्ति उसकी वास्तविक राजस्व व्यय से अधिक हो।

8. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम 2.0 के जारी किये दिशानिर्देश।

- **जन्म से 18 वर्ष तक** के उम्र वालों के **चार प्रकार के बीमारी** के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए है। जन्मजात दोष, बीमारी, भोज्य पदार्थों के कमी से होने वाले रोग और विकासात्मक देरी।
- वर्तमान में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री **श्री जगत प्रकाश नड्डा** (J. P. Nadda) हैं।

9. दो भारतीय पत्रकारों को आर्ट रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट के लिए मशहूर पुलित्जर पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

- यह पुरस्कार **USA द्वारा** दिया जाता है।
- यह पुरस्कार **पत्रकारिता के क्षेत्र में** दिया जाता है।
- पुलित्जर पुरस्कार पाने वाले दो भारतीय **आनंद आर. के.** और **सुवर्णा शर्मा** है। इन्हें यह पुरस्कार**ट्रैप्ड प्रोजेक्ट** के द्वारा साइबर क्राइम को उजागर करने के लिए दिया गया है।

10. कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के कारण मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में हुई एक बाघिन और चार शावकों की मौत।

- इनका मौत **फेफड़ों में संक्रमण** होने के कारण हुआ है।
- बाघिन का नाम **T-141** है।
- इस वायरस का वाहक **कुत्ता** है।

11. दूरसंचार मंत्रालय द्वारा तैयार स्वदेशी सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम (CBS) को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया लॉन्च।

- इसका उद्देश्य **आपदाओं के दौरान नागरिकों को त्वरित और सटीक अलर्ट भेजना** है। इसके द्वारा मोबाइल में अलर्ट SMS भेंजा जायेगा। इसके लिए मोबाइल में इंटरनेट की कोई आवश्यकता नहीं है।
- इस सिस्टम को **सचेत प्लेटफॉर्म से कनेक्ट किया गया है।** इसके द्वारा सायरन भी बजेगा और पॉप-अप मैसेज भी आएगा।